卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्नि जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 48 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦सोमवार ♦24 नवम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## नहीं रहे हिंदी सिनेमा के `ही मैन´ धर्मेन्द्र

हैदराबाद। हिंदी सिनेमा के 'ही-मैन' धर्मेंद्र का लंबी बीमारी के बाद आज 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से फिल्म जगत और उनके फैन्स में गहरी शोक लहर दौड़ गई है। धर्मेंद्र का निधन उनके 90वें जन्मदिन से कुछ दिन पहले हुआ। वह 8 दिसंबर को अपना 90वां जन्मदिन मनाने वाले थे। धर्मेंद्र की



तबीयत हाल ही में खराब होने के कारण उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह 11 दिनों तक आईसीयू में वेंटिलेटर सपोर्ट पर रहे। कुछ दिन पहले उनके निधन की अफवाह फैल गई थी, जिस पर उनके पूरे परिवार ने नाराजगी जताई थी। अस्पताल से जारी किए गए वीडियो में धर्मेंद्र को बेड पर आराम करते हुए देखा गया था, जिसमें उनकी पत्नी प्रकाश कौर, बेटे सनी और बॉबी देओल तथा बेटियां उनके पास मौजूद थीं। आज धर्मेंद्र के घर के बाहर सुबह से ही हलचल बनी रही। इसी बीच उनकी पत्नी हेमा मालिनी और बेटी ईशा देओल शमशान घाट के बाहर नजर आई हैं। हालांकि, धर्मेंद्र के परिवार की तरफ से दोपहर तक उनके निधन को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया (शेष पृष्ठ सात पर)

## बस खाई में गिरने से पांच की मौत

### कई श्रद्धालुओं की हालत गंभीर, गुजरात से तीर्थ यात्रा पर आये थे श्रद्धालु

टिहरी गढ़वाल। टिहरी जिले में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। कुंजापुरी के पास गुजरात के श्रद्धालुओं की बस किया। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गयी। 25 लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे है, जिन्हें पास के हॉस्पिटल जानकारी मिली है, उसके अनुसार इस हादसे में पांच लोगों के मरने की सूचना है। मौत का आंकड़ा बढ़ने की भी आशंका करने के लिए जा रहे थे, तभी बीच रास्ते में कुंजापुरी से करीब 33 किमी पहले ये हादसा हो गया। बस करीब 70 मीटर





खाई में गिर गई। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस-प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू में भर्ती कराया गया है। घायलों में कुछ यात्रियों की हालत नाजुक बताई जा रही है। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक जो है। बताया जा रहा है कि बस संख्या यूके 07पीए 1769 बस में सवार सभी लोग गुजरात और दिल्ली से कुंजापुरी दर्शन गहरी खाई में जा गिरी।ऋषिकेश से कुंजा पुरी की दूरी करीब 23 किमी है। फिल हाल जो जानकारी (शेष पृष्ठ सात पर)

## गहरी खाई में गिरा वाहन,बाल बाल बचा चालक

मसूरी। पर्यटन नगरी मसूरी में सोमवार सुबह बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। पिक्चर पैलेस बस स्टैंड से कुछ दूरी पर एक कार अनियंत्रित होकर करीब 300 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे की भयावह तस्वीरें आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गईं। गनीमत रही कि कार में अकेला मौजूद चालक गंभीर दुर्घटना के बावजूद जीवित बच गया। घटना सुबह करीब 8:45 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, सफेद रंग की मारुति स्विफ्ट कार यूके07 टीबी 4592



सोलिटेयर होटल से पहले पाम आर्यन होटल के पास अचानक नियंत्रण खो बैठी। बताया जा रहा है कि मोड़ पर कार फिसलने लगी और कुछ ही क्षणों में संतुलन बिगड़ते ही वाहन तेजी से खाई की ओर जा गिरा। नीचे की सड़क पर पहुंचने से पहले कार ने कई पलटियां खाईं और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जोरदार धमाका सुनकर आसपास के लोग घटना स्थल की ओर दौड़े और तत्काल पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए घायल चालक को तुरंत वाहन से बाहर(शेष पृष्ठ सात पर)

## मुर्गा मार्केट में एसडीएम का छापा,मचा हड़कम्प

रामनगर(उद संवाददाता)। मुर्गा मार्केट में गंदगी और अव्यवस्था को लेकर प्रशासन ने सोमवार को बड़ा अभियान चलाया। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बाजार में अचानक छापा मारकर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान कई दुकानदार मौके से फरार हो गए, जबकि कुछ की दुकानों पर कार्रवाई की गई। एसडीएम के आदेश पर नगर पालिका ईओ आलोक उनियाल और वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव सिंह भी मौके पर पहुंचे। गंदगी और दुर्गंध को देखकर एसडीएम ने दुकानदारों को फटकार लगाई और नगर पालिका प्रशासन को तत्काल



कार्रवाई के निर्देश दिए। कार्यवाही के दौरान कई दुकानदारों के चालान कर 5000 का जुर्माना वसूला गया। साथ ही दुकानों के बाहर रखे गए लोहे और प्लास्टिक की क्रेटों को जब्त किया गया और कीटनाशक दवा एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। मौके पर लोगों ने नगर(शेष पृष्ठ सात पर)

## रेलवे की विद्युत लाईन में धमाका,मचा हड़कम्प

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर के हल्द्वानी मार्ग पर रविवार देर शाम रेलवे की बिजली लाइन पर बड़ा धमाका होने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस दौरान बड़ा



हादसा होने से टल गया। ट्रेन की विद्युत लाइन में फाल्ट होने के चलते काफी देर तक किच्छा से लालकुआं की तरफ जा रही ट्रेन पटरी पर खड़ी (शेष पृष्ठ सात पर)

## ऑनलाइन जॉब के नाम पर रिटायर्ड प्रोफेसर से साढ़े सात लाख की ठगी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ऑनलाइन नौकरी दिलाने के नाम पर एक रिटायर्ड प्रोफेसर से करीब 7.50 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, कुमाऊँ परिक्षेत्र रुद्रपुर में अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महेंद्र सिंह पाल पुत्र ब्रह्मादीन पाल, निवासी एलायंस सिटी रुद्रपुर, जो पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय से जून 2025 में प्रोफेसर के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं, ऑनलाइन जॉब की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने युनाईटेड नेशन डेवलपमेंट प्रोग्राम में प्रोजेक्ट मैनेजर पद के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। पीड़ित ने बताया कि 8 अगस्त 2025 को उनकी ईमेल आईडी पर उनसे कई दस्तावेज मांगे गए, जो उन्होंने उपलब्ध करा दिए। इसके बाद हांगकांग से कार्यरत बताकर एक व्यक्ति द्वारा उन्हें संपर्क किया गया। पीड़ित के अनुसार, आरोपी ने आवास और वीजा प्रक्रिया के नाम पर पहले 4200 यूएसडी और बाद में 4700 यूएसडी एक चीनी बैंक खाते में जमा कराने को कहा। महेंद्र सिंह पाल ने पंजाब नेशनल बैंक, पंतनगर स्थित अपने खाते से कुल 8900 यूएसडी (लगभग 7.50 लाख रुपये) दिए गए खाते में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी न तो वर्क वीजा मिला और न ही कोई आवश्यक दस्तावेज। जब लगातार टालमटोल की जाने लगी तो उन्हें ठगी का संदेह हुआ। इसके बाद उन्होंने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रार्थनापत्र के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ कंप्यूटर संसाधनों का दुरुपयोग कर धोखाधड़ी करने की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर (शेष पृष्ठ सात पर)

### क्रेडिट कार्ड हैक कर फिलप कार्ट से खरीदा आईफोन

रुद्रपुर। मोबाइल फोन और फ्लिपकार्ट अकाउंट हैक कर एक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड से 70,298 रुपये की खरीदारी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की तहरीर पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, कुमाऊँ परिक्षेत्र रुद्रपुर में अज्ञात साइबर ठगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। तहरीर के अनुसार, नरदेव सिंह पुत्र सूखे सिंह, निवासी ट्रांजिट कैंप रुद्रपुर ने बताया कि उसका एक्सिस बैंक में बचत खाता वर्ष 2014-15 में कंपनी सैलरी हेतु खोला गया था। वर्ष 2023 में बैंक (शेष पृष्ठ सात पर)

## सुनवाई न होने पर व्यापारियों ने बैंक प्रबंधक को घेरा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बैंक कर्मचारियों को गुमराह कर विपक्षी द्वारा जमीन गिरवी रख फर्जी तरीके से लोन लेने के मामले में पीड़ित पक्ष की सुनवाई न होने के विरोध में आज व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में अनेक व्यापारियों ने पीड़ित व्यक्ति के साथ काशीपुर मार्ग स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय प्रबंधक का घेराव कर धरना दिया। संजय जुनेजा ने बताया कि इन्द्रा कालोनी निवासी आशीष बांगा पुत्र स्व. गुलशन कुमार ने बैंक प्रबंधक को अप्रैल व अगस्त माह में प्रार्थना पत्र दिये थे। जिसमें आशीष ने कहा था कि ग्राम



मलसा गिरधरपुर में उनके पिता गुलशन व चाचा राजकुमार के नाम संयुक्त भूमि दर्ज है। जिसमें दोनों का आधा आधा हिस्सा है। आरोप है कि चाचा ने अपने हिस्से की भूमि में से सुनीता रानी और अंजू रानी को भूमि बेच दी। अब उनके पास 0. 0150 है. भूमि शेष बचती है। लेकिन चाचा ने गलत (शेष पृष्ठ सात पर)

## फेसबुक पर महिला से दोस्ती महंगी पड़ी

### ऑन लाईन ट्रेडिंग का झांसा देकर 2-31 लाख का चूना लगाया

रुद्रपुर। सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क बढ़ाकर ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर एक व्यक्ति से 2.31 लाख रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, कुमायूं परिक्षेत्र रुद्रपुर में अज्ञात आरोपित महिला के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रदीप सक्सेना पुत्र संतोष कुमार सक्सेना, निवासी सिह कालौनी रुद्रपुर ने साइबर क्राइम थाना में दी तहरीर में बताया कि 19 सितंबर 2025 को उनके फेसबुक मैसेंजर पर 'सानवी पटेल' नामक महिला द्वारा संपर्क किया गया। महिला ने खुद को गुरुग्राम की रियल एस्टेट एजेंट और बाद में किसी कंपनी की सीईओ बताया। बातचीत बढ़ने पर उसने पीड़ित से व्हाट्सएप नंबर ले लिया और लगातार संपर्क में रहने लगी। कुछ समय बाद महिला ने प्रदीप को शेयर ट्रेडिंग में लाभ कमाने का लालच दिया और उसे मार्केट एक्सेस डॉट लाइव नामक वेबसाइट पर तथाकथित ऑनलाइन ट्रेडिंग डिमैट अकाउंट खोलने के लिए प्रेरित किया। आरोपी महिला ने पीड़ित की केवाईसी कराई और एक फर्जी ग्राहक सेवा नंबर से खाते में धनराशि जमा कराने का निर्देश दिया। पीड़ित के अनुसार, महिला द्वारा दिए गए बैंक खातों में पीड़ित ने अलग-अलग छह ट्रांजैक्शनों के माध्यम से कुल 2,31,000 जमा किए। इनमें 23 सितंबर से 2 नवंबर 2025 के बीच उनके कोटक महिंद्रा बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा के खातों से कई बार रकम भेजी गई। धनराशि जमा करने (शेष पृष्ठ सात पर)

# हमारी संस्कृति और हस्तशिल्प को मिला वैश्विक मंच: धामी

## मुख्यमंत्री ने प्रगति मैदान नई दिल्ली में भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में आयोजित उत्तराखंड दिवस महोत्सव में किया प्रतिभाग

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 44वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के तहत उत्तराखंड पवेलियन में उत्तराखंड दिवस समारोह एवं इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर नाट्यशाला थियेटर में उत्तराखण्ड के लोक कलाकारों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस वर्ष व्यापार मेले की थीम ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' रखी गयी है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला हमारी संस्कृति, हस्तशिल्प, और समृद्ध विरासत को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करने का अवसर प्रदान करता है। यही नहीं इस मेले में आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्या के माध्यम से हमारी लोक संस्कृति और उत्तराखंडी परंपराओं की जीवंत झलक देखने को मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हमारे पारंपरिक मेलों, उत्सवों और हैं। राज्य में 'वोकल फॉर लोकल', 'मेक इन इंडिया' और 'स्टार्टअप इंडिया' जैसी पहलों के माध्यम से विकसित भारत एवं विकसित उत्तराखंड बनाने के स्वप्न को साकार करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। देवभूमि उत्तराखंड को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी हम निरंतर प्रयासरत हैं। राज्य में केदारखंड और मानसखंड क्षेत्र के मंदिरों के सौंदर्यीकरण के लिए योजनाएं बनाने के साथ हरिपुर कालसी में यमुनातीर्थ स्थल के पुनरुद्धार, हरिद्वार ऋषिकेश कॉरिडोर और शारदा कॉरिडोर के निर्माण की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे प्रवासी उत्तराखंडी राज्य से बाहर कही भी बसे हों लेकिन वो अपनी लोक आस्था, संस्कृति, खान-पान और अपनत्व की भावना को सदैव जीवंत रखते हैं तथा उनकी दहलीज पर आज भी ऐंपण की कलाकृति देखने को मिल जाती है जो उत्तराखंड की पहचान है। उन्होंने कहा कि उन्हें आज राजस्थान के पवित्र तीर्थ पुष्कर में, वहाँ के पर्वतीय समाज द्वारा निर्मित 'उत्तराखंड धर्मशाला आश्रम' का लोकार्पण करने का भी अवसर मिला



शिल्पकारों को भी धन्यवाद दिया। जिन्होंने राज्य के हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों को इस मंच पर प्रदर्शित करने का सराहनीय प्रयास किया है। मुख्यमंत्री ने इस पर भी प्रसन्नता व्यक्त की है कि इस वर्ष राज्य पवेलियन में हथकरघा बुनकरों एवं अन्य उत्पाद धारकों द्वारा अब तक 01 करोड़ का बिजनेस किया गया तथा 2.50 करोड के ऑर्डर प्राप्त किये। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके उत्पादों की बिक्री 2.50 करोड़ से अधिक की होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड रोड, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, भारतमाला और पर्वतमाला परियोजना, अमृत योजना, ऑल वेदर रोड और उड़ान योजना जैसी महत्त्वाकांक्षी परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश के बुनियादी ढांचे को नए आयाम प्रदान किए जा रहे हैं। इसके साथ ही प्रदेश में औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए भी निरंतर कार्य किया जा रहा है। राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2023 में ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट का आयोजन किया था। इसके सुखद परिणाम हमारे सामने हैं। इस समिट के अंतर्गत प्राप्त हुए 3.56 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश समझौतों में से लगभग 1 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने में हमें सफलता मिली है। औद्योगिक नीति, लॉजिस्टिक नीति, स्टार्टअप नीति और एमएसएमई नीति सहित 30 से अधिक नीतियां बनाकर उद्योगों को बेहतर माहौल और अवसर प्रदान करने का प्रयास किया है। इसके साथ ही, राज्य में स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर कार्य हो रहा है। राज्य में 'एक जनपद, दो उत्पाद' योजना के माध्यम से स्थानीय आजीविका के अवसरों को बढावा देने के साथ हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड के माध्यम से पारंपरिक उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पहचान दिलाने में भी हमें कामयाबी मिली है। 'स्टेट मिलेट मिशन', 'फार्म मशीनरी बैंक', 'एप्पल मिशन', 'नई पर्यटन नीति', 'नई फिल्म नीति', 'होम स्टे', 'वेड इन उत्तराखंड' और 'सौर स्वरोजगार योजना' जैसी पहलों के माध्यम से प्रदेश की स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने की भी प्रभावी पहल की गई है। उन्होंने कहा कि हमारे समेकित प्रयासों का परिणाम है कि विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए भी बीते साढ़े चार वर्षों में प्रदेश ने कई उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास के प्रति हमारे समर्पित प्रयासों का परिणाम है कि नीति आयोग द्वारा जारी वर्ष 2023-24 के सतत् विकास के लक्ष्यों को हासिल करने के इंडेक्स में उत्तराखंड को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उत्तराखंड को एचीवर्स तथा स्टार्टअप रैंकिंग में लीडर्स की श्रेणी भी प्राप्त हुई है। प्रदेश में सख्त धर्मांतरण विरोधी और दंगा विरोधी कानूनों को लागू किया गया है। राज्य में ऑपरेशन कालनेमी चलाकर जहां हमने संस्कृति को बदनाम करने वाले लोगों को पकड़ने का काम किया है, कड़ी कार्रवाई करते हुए 10 हजार एकड़ से अधिक की सरकारी भूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य में नया कानून लागू कर मदरसा बोर्ड को भी समाप्त करने का निर्णय लिया है। जुलाई 2026 के बाद राज्य में वे मदरसे बंद हो जाएंगे जो हमारी सरकार द्वारा दिए गए सरकारी सेलेबस को अपने यहां नहीं पढ़ाएंगे। राज्य में नकल माफियाओं पर अंकुश लगाने के लिए देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून भी लागू किया है। जिसके परिणामस्वरूप पिछले साढ़े चार वर्षों में राज्य के 26 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्राप्त करने में सफलता प्राप्त हुई है, राज्य से भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए ''जीरो टॉलरेंस'' की नीति के साथ संकल्पित होकर कार्य किया जा रहा है। पिछले साढ़े चार वर्षों में भ्रष्टाचार में लिप्त 200 से अधिक लोगों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी से प्रधानमंत्री जी के "स्वदेशी अपनाओ देश को मजबूत बनाओ'' के मंत्र को आत्मसात करते हुए अधिक से अधिक स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने की भी अपेक्षा की। इससे हम अपने कारीगरों, किसानों और उद्यमियों को सशक्त बनाते हुए आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी मजबूती प्रदान करने में सफल होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार







लोक संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु "वन डिस्ट्रिक्ट, वन फेस्टिवल" के रूप में विकसित करने का आव्हान किया है। इस पहल से हमारे राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित होने वाले पारंपरिक मेलों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। हमारे स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, लोककला और पर्यटन को भी इससे पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार उत्तराखंड को प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रही है। इसके लिये प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, खेल, पेयजल और हवाई कनेक्टिविटी जैसे सभी प्रमुख क्षेत्रों में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहे यह हम सबके लिये गर्व की बात है कि हमारे लोगों द्वारा किसी दूसरे राज्य में इस प्रकार से अपनी सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने का सराहनीय प्रयास किया गया है। हमारे पर्वतीय समाज के लोग उत्तराखंड के बाहर अपनी संस्कृति, भाषा और सद्भाव की भावना को हमेशा जीवंत रखने का प्रयास करते हैं जो हमारे लिये सम्मान की बात है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य की रजत जयंती वर्ष के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में राज्य के पवेलियन में लगने वाले स्थानीय उत्पादों के स्टॉलों पर लगने वाले शुल्क को माफ किया जाएगा। उन्होंने सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले कलाकारों, संगीतकारों और सांस्कृतिक दलों के साथ सभी उद्यमियों और उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के अपने इस "विकल्प रहित संकल्प'' को पूर्ण करने हेतु निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर लोकसभा सांसद श्रीमती राजलक्ष्मी शाह, राज्यसभा सांसद श्री नरेश बंसल, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री विजय बहुगुणा, उत्तराखंड हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र दत्त सेमवाल, उत्तराखंड सरकार की मीडिया सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रो. गोविंद सिंह, उद्योग सचिव विनय शंकर, इंडियन ट्रेड प्रोमोशन ऑर्गेनाइजेशन के एमडी नीरज खैरवाल, सचिव संस्कृति युगल किशोर पंत, महानिदेशक एवं आयुक्त उद्योग डॉ. सौरभ गहरवार, स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा उपस्थित रहे।

# 25 नवंबर को बंद होंगे बदरीनाथ धाम के कपाट

चमोली। पंचपूजा के तीसरे दिन रविवार को बदरीनाथ धाम में खडग पुस्तक पूजन और वेद ऋचाओं का वाचन बंद हो गया है। दो दिनों तक बदरीनाथ मंदिर में गुप्त मंत्रों से अभिषेक और महाभिषेक पूजाएं की जाएंगी। आज से मंदिर को फूलों से सजाया जाएगा। बीते 21 नवंबर से बदरीनाथ मंदिर में पंच पूजाएं शुरू हो गई थीं। पहले दिन गणेश मंदिर के कपाट बंद हुए। उसके बाद आदि केदारेश्वर मंदिर और आदि गुरु शंकराचार्य मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए थे। रविवार सुबह बदरीनाथ भगवान की अभिषेक और महाभिषेक पूजाएं संपन्न की गईं। इसके बाद नित्य पूजाएं हुईं। अपराह्न बाद खडग पुस्तक का पूजन और वेद ऋचाओं का वाचन शीतकाल के लिए बंद कर दिया गया। बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि बदरीनाथ धाम के कपाट बंद करने की बीकेटीसी की ओर से तैयारियां चल रही हैं। सोमवार से बदरीनाथ मंदिर को फूलों से सजाया जाएगा। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि पंच पूजा के चौथे दिन सोमवार को माता लक्ष्मी को बदरीनाथ मंदिर में स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। 25 नवंबर को दोपहर 2 बजकर 56 मिनट पर बदरीनाथ मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। खडग पुस्तक पूजन के मौके पर रावल अमरनाथ नंबूदरी, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, प्रभारी धर्माधिकारी स्वयंबर सेमवाल, वेदपाठी रविंद्र भट्ट, अमित बंदोलिया, बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सुनील पुरोहित, थाना प्रभारी नवनीत भंडारी, प्रशासनिक अधिकारी कुलदीप भट्ट, विकास सनवाल आदि मौजूद रहे।








## सीएम ने लक्ष्य सेन को ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 खिताब जीतने पर दी बधाई

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फोन पर वार्ता कर बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 खिताब जीतने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि लक्ष्य सेन की यह शानदार उपलब्धि उत्तराखण्ड ही नहीं, सम्पूर्ण देश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य की मेहनत, समर्पण और निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन हमारे सभी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और यह साबित करता है कि लगन, अनुशासन और कड़ी मेहनत के साथ हर कठिन लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने लक्ष्य सेन के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की कि वे आगे भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और देवभूमि उत्तराखंड का नाम इसी प्रकार रोशन करते रहेंगे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने नेत्रपाल मौर्य का किया भव्य स्वागत

सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर में आज भाजपा ओबीसी मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य तथा जिलाध्यक्ष श्री कांत राठौर का आगमन विशेष उत्साह और जोश के माहौल में हुआ। उनके स्वागत के लिए बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक एकत्र हुए, जिससे कार्यक्रम स्थल पर उत्सवी वातावरण बन गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं सभासद रवि रस्तोगी के प्रतिष्ठान पर किया गया, जहाँ अतिथियों का माल्यार्पण कर गरिमामय स्वागत किया गया।ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य ने कहा कि हमारी प्राथमिकता समाज के अंतिम व्यक्ति तक संगठन की योजनाएँ और नीतियाँ पहुंचाना है। यहाँ कार्यकर्ताओं का जो उत्साह दिखाई दे रहा है, वही भाजपा की वास्तविक शक्ति और संगठन की मूल आधारशिला है। जिलाध्यक्ष



ओबीसी मोर्चा श्रीकांत राठौर ने कहा कि जिले के प्रत्येक मंडल और बूथ स्तर पर संगठन को अधिक सशक्त बनाना हमारा लक्ष्य है। जब सभी वर्ग सहभागिता के साथ आगे बढ़ते हैं, तभी विकास की गाड़ी गति पकड़ती है। इसी दिशा में हम सभी मिलकर समर्पित भाव से काम करेंगे। ओबीसी मोर्चा पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं सभासद रवि रस्तोगी ने कहा कि नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष का स्वागत करना हमारे लिए गौरव का विषय है। उनके आगमन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और सकारात्मक दिशा का संचार हुआ है। यह कार्यक्रम संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव सिद्ध होगा। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ जनों और कार्यकर्ताओं का बड़ा जमावड़ा देखने को मिला। उपस्थित प्रमुखों में सभासद रवि रस्तोगी, सभासद शिवपाल चौहान, चंदन श्रीवास्तव, अजय गुप्ता, बिना साहू, धर्मादेवी, सुलोचना रावत, राजेश जायसवाल, अनवार सुहेल, राहुल रस्तोगी, अनिल रस्तोगी, प्रिंस रस्तोगी, श्रीपाल वर्मा, हरिशंकर रस्तोगी, आकाश रस्तोगी, सचिन रस्तोगी, सोनू माटा, पप्पू माली, अमन रस्तोगी, अमरनाथ बर्मा, प्रियांशु वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन की मजबूती, समाज के विकास और क्षेत्र की प्रगति के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

# युवाओं को अवैध रूप से म्यांमार भेजने वाले 3 एजेंट किए गिरफ्तार

देहरादून। उत्तराखंड एसटीएफ ने रविवार को खुलासा किया कि साइबर अपराध कराने के लिए थाईलैंड के रास्ते लोगों को धोखाधड़ी से म्यांमार ले जाने में कथित रूप से शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ के अनुसार, गिरफ्तार किए गए ये लोग बागेश्वर, पिथौरागढ़ और उधम सिंह नगर जिलों के नौ पीड़ितों से पूछताछ के दौरान सामने आए हैं, जिन्हें हाल ही में म्यांमार से वापस लाया गया था। एसटीएफ ने बताया कि म्यांमार के म्यावाड्डी शहर के केके पार्क में अवैध रूप से रह रहे उत्तराखंड सहित विभिन्न राज्यों के कई भारतीय युवकों को वापस लाया गया है। उत्तराखंड के इन नौ युवकों को दिल्ली से यहां लाया गया और उनके परिवारों को सौंप दिया गया। एसटीएफ ने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला कि भारतीय एजेंटों ने एक संगठित योजना के तहत इन युवकों से कथित तौर पर बड़ी रकम की ठगी की, उन्हें थाई वीजा का इस्तेमाल करके विदेश भेजा और फिर म्यावाड्डी के केके पार्क में अवैध रूप से घुसपैठ कराई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि भारतीय एजेंट पीड़ितों से व्यक्तिगत रूप से या टेलीग्राम और व्हाट्सएप जैसे मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से संपर्क करते थे और पैसे ऐंठने के बाद उन्हें बैंकॉक भेज देते थे। एसटीएफ के सहायक पुलिस अधीक्षक कुश मिश्रा ने बताया कि अब तक उधमसिंह नगर जिले के जसपुर निवासी सुनील कुमार, उधमसिंह नगर जिले के काशीपुर निवासी नीरव चौधरी और प्रदीप को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# श्रम संहिताओं के अनुपालन को सरकार कटिबद्ध : सीएम

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि श्रम सुधारों से देश के कार्यबल में नए युग का शुभारंभ हुआ है। आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के लिहाज से चार श्रम संहिताओं को लागू किया जाना एक महत्वपूर्ण फैसला है। इसके दूरगामी सार्थक परिणाम निकलेंगे। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार श्रम संहिताओं के अनुपालन



के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने श्रम सुधारों के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में नई कार्य संस्कृति ने स्थान पाया है। नई नीतियों का निधारिण देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।मुख्यमंत्री ने कहा है कि पूर्व के श्रम कानूनों से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का एक बड़ा वर्ग बाहर था। वहीं इनके लिए सामाजिक सुरक्षा का भी अभाव था। न्यूनतम वेतन का प्राविधान भी चुनिंदा क्षेत्रों तक ही सीमित था। इंस्पेक्टर राज की व्यवस्था से व्यापार एवं उद्योगों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। इस दृष्टिकोण से भारत सरकार ने श्रम सुधार कर ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने कहा है कि नए कानून के प्रावधान श्रमिकों के हितों की मजबूती से रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा है कि सभी के लिए न्यूनतम और समय पर वेतन, नियुक्ति पत्र की अनिवार्यता जैसे प्राविधान अभूतपूर्व हैं। श्रम सुधार 40 करोड़ श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। महिला श्रमिकों को समान अवसर और समान वेतन के साथ ही रात्रि पाली में काम करने की स्वतंत्रता प्रदान की गई है, जो कि नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा फैसला है।

# धामी सरकार ने खनन राजस्व में रचा नया इतिहास: विकास शर्मा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महापौर विकास शर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा उत्तराखंड को खनन सुधारों पर 200 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान किए जाने पर गहरा हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी है। महापौर ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल उत्तराखंड की मजबूत इच्छाशक्ति और पारदर्शी शासन का प्रमाण है, बल्कि यह साबित करती है कि धामी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति आज पूरे देश में एक आदर्श मॉडल बन चुकी है।महापौर विकास शर्मा ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ईमानदार, दूरदर्शी और पारदर्शी नेतृत्व ने राज्य के खनन सेक्टर को पूरी तरह बदलकर रख दिया है। जिस क्षेत्र में कभी तय राजस्व लक्ष्य प्राप्त करना भी मुश्किल होता था, वह आज न केवल अपने लक्ष्य को पार कर रहा है, बल्कि केंद्र सरकार से 200 करोड़ का पुरस्कार भी दिलवा चुका है।उन्होंने बताया कि पूर्व में जहां खनन राजस्व सालाना करीब 300 करोड़ तक सीमित था, वहीं धामी सरकार की कठोर निगरानी और सुधारात्मक कदमों के चलते यह बढ़कर 1200 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह अंतर साफ दिखाता है कि ईमानदार नेतृत्व किस तरह राज्य के वित्तीय ढांचे को मजबूत करता है।महापौर ने बताया कि खनन सुधारों में उत्तराखंड को देश में प्रथम स्थान प्राप्त होना इस बात का प्रमाण है कि राज्य सरकार ने केंद्र द्वारा निर्धारित माइनर मिनरल रिफॉर्म्स से संबंधित 7 में से 6 प्रमुख सुधारों को समयबद्ध, प्रभावी और पूरी पारदर्शिता के साथ लागू किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने उत्तराखंड के प्रयासों को सराहा है और यह मान्यता दी है कि राज्य ने खनन क्षेत्र में सुधारों को उत्कृष्टता के साथ लागू किया है। यह उपलब्धि न केवल राजस्व बढ़ोतरी की कहानी कहती है, बल्कि शासन की नीतिगत दृढ़ता और पारदर्शिता को भी प्रमाणित करती है।महापौर ने पूर्व की सरकारों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अकुशल और लचर



नेतृत्व के चलते खनन क्षेत्र में लगातार राजस्व लक्ष्य चूक होते रहे। भ्रष्टाचार, बंदरबांट और अव्यवस्था के कारण खनन एक 'कमजोर सेक्टर' के रूप में पहचाना जाता था। लेकिन जब प्रदेश की कमान युवा, ईमानदार और विकासोन्मुखी नेतृत्व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामीकृके हाथों में आई, तब उन्होंने खनन तंत्र को पूरी तरह सुधारकर इसे राज्य की सबसे बड़ी राजस्व उत्पन्न करने वाली इकाई में बदल दिया।महापौर विकास शर्मा ने कहा कि खनन सुधारों का लाभ सिर्फ सरकारी खजाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा फायदा स्थानीय जनता को भी मिल रहा है। सुधारों से निर्माण सामग्री की कीमतों में नियंत्रित स्थिरता आई है, जिससे लोगों और सरकारी कार्यदायी संस्थाओं को सामग्री सस्ते दामों पर उपलब्ध हो रही है। साथ ही खनन गतिविधियों के सुव्यवस्थित होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को गति मिली है। बढ़ता राजस्व अब जनकल्याणकारी योजनाओं में निवेश होकर विकास की धारा को और भी मजबूत कर रहा है।महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की नेतृत्व शैली इस बात का जीवंत उदाहरण है कि जब नीयत साफ हो और नीतियां पारदर्शी हों, तो सीमित संसाधनों वाला पहाड़ी राज्य भी राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोच्च उपलब्धियां हासिल कर सकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में भी उत्तराखंड खनन सुधारों और राजस्व वृद्धि में नए कीर्तिमान बनाता रहेगा।

# चंदोला होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में वार्षिक खेल उत्सव शुरू

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। चंदोला होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में वार्षिक खेल उत्सव का शुभारंभ सोमवार को एमडी डॉ. के.सी. चंदौला ने विधिवत रूप से किया। डॉ. चंदौला ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद टॉस उछालकर प्रथम मैच की शुरुआत कराई। इस दौरान मैदान में छात्रों का उत्साह देखने लायक था। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए एमडी डॉ. के.सी. चंदौला ने कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न हिस्सा हैं। खेल न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाते हैं बल्कि टीमवर्क, अनुशासन, नेतृत्व और धैर्य जैसी महत्वपूर्ण जीवन मूल्यों की भी सीख देते हैं।उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य





सिर्फ चिकित्सक तैयार करना नहीं, बल्कि ऐसे युवा तैयार करना है जो शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ हों। खेल प्रतियोगिताएं छात्रों में प्रतिस्पर्धा की स्वस्थ भावना और आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं। डॉ. चंदौला ने बताया कि वार्षिक खेल उत्सव का समापन समारोह 1 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता छात्रों को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान कॉलेज परिसर में उत्सव का माहौल रहा। छात्र-छात्राओं ने खेल विधाओं में जोश और उमंग के साथ प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कॉलेज प्रबंधन एवं शिक्षकों ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और कहा कि खेलों में भागीदारी स्वयं में एक उपलब्धि है। कार्यक्रम में डॉ. जाहर घोष, डॉ. के.एस. द्विवेदी, डॉ. निरंजन यादव, डॉ. आशीष पंत, डॉ. श्वेता चौधरी, डॉ. नवीन यादव, डॉ. सीमा यादव, डॉ. दुर्गेश पाल, डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. नीरजा, डॉ. अल्पना चौहान, डॉ. अदिति चौहान सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# अब चौकीदार संदिग्धों की इंट्री से पुलिस को करेंगे होशियार

## 40 रजिस्टर बांटकर कोतवाल सुंदरम ने बढ़ाई सुरक्षा की धार

-हनीफ बाबा-

सितारगंज। ग्रामीण सुरक्षा व्यवस्था को नए रूप में मजबूत करते हुए कोतवाल सुंदरम शर्मा ने ऐसा कदम उठाया है, जिससे अब अपराधियों की हर हलचल पुलिस तक पल-पल पहुँचती रहेगी। कोतवाल ने क्षेत्र के 40 चौकीदारों को विशेष रजिस्टर प्रदान किए हैं। जिनके माध्यम से अब हर छोटी-बड़ी संदिग्ध जानकारी सीधे पुलिस की नजर में रहेगी।अब हर गांव में मौजूद होगा। चौकीदार न सिर्फ सुरक्षा प्रहरी रहेंगे, बल्कि पुलिस की 'जमीनी खुफिया इकाई' के रूप में काम करेंगे। इन रजिस्टरों में चौकीदारों को इन बिंदुओं पर कड़ाई से नजर रखने के निर्देश दिए गए है। नशा तस्करी व नशाखोरी से जुड़ी हर गतिविधि,बाहरी या संदिग्ध लोगों की मुवमेंट और ठहराव,ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ती



अराजकता, झगड़े या अचानक बढ़ी हलचल,अपराध में शामिल होने की आशंका वाले युवाओं की गतिशीलता रात के समय सक्रिय होने वाले अपराधिक तत्वों पर पैनी नजर। हर जानकारी को चौकीदार रजिस्टर में दर्ज करेंगे। उसकी सूचना बीट अधिकारी व संबंधित उपनिरीक्षक को सौंपेंगे। ताकि त्वरित कार्रवाई संभव हो सके। कोतवाल सुंदरम शर्मा ने चौकीदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि को नजरअंदाज न किया जाए। उन्होंने कहा ग्रामीण चौकीदार सबसे मजबूत आँखें हैं। अपराध को रोकने में यही पहले संकेत देते हैं। रजिस्टर के जरिए हर गतिविधि का दस्तावेजी रिकॉर्ड तैयार होगा और उसी आधार पर तेज व ठोस कार्रवाई की जाएगी। **ग्रामीणों में बढ़ी सुरक्षा की उम्मीद** : इस नई व्यवस्था ने ग्रामीणों को भी अधिक सुरक्षित महसूस कराया है। उनका कहना है कि चौकीदार पहले भी सूचना देते थे, पर अब रजिस्टर होने से हर गतिविधि का ठोस आधार बनेगा। इससे पुलिस कार्रवाई भी तेज होगी और नशा व अपराध पर प्रभावी अंकुश लगेगा। **अब हर संदिग्ध कदम दर्ज होगा** : पुलिस प्रशासन का मानना है कि चौकीदारों की सक्रियता और रजिस्टर-व्यवस्था से अपराधियों की गतिविधियाँ पहले ही स्तर पर पकड़ में आ जाएंगी। नशा कारोबार से लेकर चोरी, झगड़े, अवैध जमावड़ों तक सबकुछ रिकॉर्ड में आएगा।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने दौलाघट में किया कन्हावन का शिलान्यास

अल्मोड़ा। प्रदेश के पहले कन्हावन का शिलान्यास अल्मोड़ा के सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के दौलाघट में किया गया है। 23 नवंबर को कैबिनेट मंत्री एवं सोमेश्वर विधायक रेखा आर्या ने इसका शिलान्यास किया। मंत्री ने कहा कि यह कान्हावन



योजना क्षेत्र की स्वच्छंद घूमने वाली गौमाताओं को आवास, पोषण और सुरक्षा प्रदान करेगी। इसके साथ-साथ बायोगैस संयंत्र, गोमूत्र और गोबर से बनने वाले उत्पादों के जरिये स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराएगी। मंत्री ने कहा कि जो पशु आमतौर पर फसलों के लिए हानिकारक माने जाते थे, वे गौमाताएं भविष्य में रोजगार का नया माध्यम बनेंगी। मंत्री ने कहा कि प्रदेश की पहली कान्हावन योजना का शुभारंभ उनके विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर से होना गौरव की बात है। यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीण आजीविका के लिए भी महत्वपूर्ण साबित होगी।

# बसंतीपुर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की कांस्य प्रतिमा स्थापित

## विधायक शिव अरोरा ने करवाया स्थापना कार्य



दिनेशपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के बसंतीपुर में वर्षों से लंबित क्षेत्रवासियों की मांग पूरी हो गई। शनिवार को विधायक शिव अरोरा की उपस्थिति में आजाद हिंद फौज के संस्थापक और स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 6 फीट ऊँची एवं 7 क्विंटल वजनी कास्य प्रतिमा की स्थापना की गई। यह प्रतिमा पर्यटन विभाग द्वारा लगभग 24 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत कर स्थापित की गई है, जिसमें प्रतिमा निर्माण के साथ सौंदर्यीकरण कार्य भी शामिल है।स्थापना के दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा कि यह उनके लिए अत्यंत गर्व और आनंद का क्षण है कि बसंतीपुर की धरती पर करोड़ों भारतीयों के प्रेरणास्रोत नेताजी की भव्य प्रतिमा स्थापित हो पाई। उन्होंने बताया कि प्रतिमा हेतु स्वीकृति उन्होंने स्वयं पर्यटन विभाग से दिलवाई थी।बसंतीपुर में हर वर्ष 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती बड़े स्तर पर मनाई जाती है। प्रतिमा स्थापना के बाद इस आयोजन को और भव्य स्वरूप मिलेगा। विशेष रूप से प्रतिमा स्थापित किए जाने के दौरान विधायक अरोरा स्वयं श्रमदान करते हुए स्थानीय लोगों के साथ कार्य में जुटे दिखाई दिए।विधायक ने बताया कि शीघ्र ही प्रतिमा स्थल पर मंच निर्माण, रेलिंग और सौंदर्यीकरण का शेष कार्य पूरा किया जाएगा, जिसके बाद नेताजी की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह आयोजित किया जाएगा। प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम के दौरान जिला उपाध्यक्ष अमित नारंग, गदरपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर, मंडल अध्यक्ष जगदीश विश्वास, राजेश बजाज, प्रधान राजकुमार, राजेंद्र सैनी, अजितेश पाइक, देवास सरकार, अंकुर विश्वास सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# बागजाला में धरना प्रदर्शन 98 वें दिन भी जारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मालिकाना अधिकार लेने, बागजाला को राजस्व गाँव बनाने, पंचायत चुनावों में मताधिकार पुन: बहाल करने, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, जल जीवन मिशन योजना से टूटी सड़कों का निर्माण करने, जल जीवन मिशन कार्य को पूरा कर हर घर नल, हर घर जल देने का कार्य शुरू करने, गोवंश संरक्षण अधिनियम के चलते आवारा सरकारी गोवंश से पशुपालकों, किसानों, राहगीरों को हो रहे जानमाल के नुकसान से निजात दिलाने के लिए गोवंश की स्थिति अनुसार सरकारी मूल्य निर्धारण कर सरकारी खरीद की गारंटी करने के लिए बागजाला में अनिश्चितकालीन धरना 98 वें दिन भी जारी रहा। धरना प्रदर्शन सभा को सम्बोधित करते हुए बीएसपी के प्रदेश महासचिव बीआर धौनी ने कहा कि बागजाला गांव में बड़ी संख्या में गरीब दलित अल्पसंख्यक आबादी निवास करती है। इसीलिये राज्य सरकार को यहां के गरीबों को तत्काल मालिकाना हक देने का काम करना चाहिए। 100 वें दिन 25 नवंबर को एसडीएम कार्यालय पर होने जा रहे धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में ग्राम वासी कूच करेंगे। धरना प्रदर्शन में आनन्द सिंह नेगी, हरीश सिनोली, विनोद कुमार बौद्ध, वेद प्रकाश, डॉ कैलाश पाण्डेय, प्रेम सिंह नयाल, हरक सिंह बिष्ट, दुर्गा देवी, तुलसी देवी, हेमा आर्या, भोला सिंह, हेमा देवी, मीना भट्ट, सुमित, नीलम आर्या, पुष्पा देवी, दीवान सिंह बर्गली, रेशमा, चंदन सिंह मटियाली, हीरा देवी, मुन्नी देवी, विमला देवी, लक्ष्मण राम, सुनीता देवी, दिनेश चंद्र, हामिद, दीपा देवी, हेमा देवी आदि मौजूद रहे।



# न्याय परामर्श केंद्र में दिया निशुल्क कानूनी परामर्श

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला न्यायालय ऊधम सिंह नगर के अनुभवी अधिवक्ताओं द्वारा रविवार को वार्ड नंबर 1 जनपद रोड फूलसूंगी पर निशुल्क न्याय परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी अपनी कानूनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे। परामर्श केंद्र में अधिवक्ता परिषद ऊधम सिंह नगर की टीम के वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उन्हें नि:शुल्क कानूनी परामर्श प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को कानून संबंधी जानकारी और समाधान आसानी से उपलब्ध कराना था, ताकि उन्हें अपने अधिकारों और कानूनी प्रक्रिया के बारे में स्पष्ट मार्गदर्शन मिल सके।न्याय परामर्श केंद्र में अधिवक्ता परिषद के सदस्य एडवोकेट संजय सिंह, अधिवक्ता परिषद ऊधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष अधिवक्ता डी.डी. गुणवंत, प्रांतीय महिला प्रमुख श्रीमती सुभाषिनी द्विवेदी, जिला महामंत्री अधिवक्ता दुर्गेश मोहन शर्मा, मंत्री रेनू तिवारी, सदस्य अधिवक्ता विजय उपस्थित रहे।वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने भूमि विवाद, पारिवारिक मामलों, उत्तराधिकार, संपत्ति संबंधी विवादों, रोजगार व श्रम कानूनों से जुड़ी समस्याओं सहित विभिन्न कानूनी मुद्दों पर लोगों को सुझाव और समाधान दिए।अधिवक्ताओं ने बताया कि इस प्रकार के न्याय परामर्श केंद्र समय समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि न्याय आम जनता की पहुंच तक आसानी से पहुंच सके। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे ऐसे कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसका लाभ उठाएं।



# अजमेर में फरीद अहमद मंसूरी का हुआ स्वागत

रूद्रपुर। उत्तराखंड से अजमेर पहुंचे अखिल भारतीय राहुल गांधी ब्रिगेड उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष, उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा मंसूरी समाज के राष्ट्रीय महासचिव फरीद अहमद मंसूरी का मंगलवार को जोरदार स्वागत किया गया। अजमेर आगमन पर मंसूरी समाज के वरिष्ठ सदस्य निजाम मंसूरी, मोहम्मद फरीद मंसूरी, कासिम मंसूरी, फरहान मंसूरी सहित समाज के अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उन्हें राजस्थानी पगड़ी पहनाकर और फूल मालाएं भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। अपने संबोधन में फरीद अहमद मंसूरी ने समाज में शिक्षा और राजनीतिक जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि ष्हमें अपने बच्चों को शिक्षित बनाना होगा। मंसूरी समाज में राजनीतिक बेदारी अत्यंत आवश्यक है। हमें अधिक से अधिक राजनीति में भागीदारी निभानी होगी और अपने अधिकारों की आवाज बुलंद करनी होगी।



# जनपद में चला ऑपरेशन कालनेमी, 157 की हुई जांच, दस के चालान

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के सख्त निर्देश पर शनिवार को संपूर्ण जनपद में ऑपरेशन कालनेमी के तहत व्यापक सघन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना था। जनपद के सभी थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा अभियान में सक्रिय सहभागिता करते हुए 157 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई, जिनमें से 10 व्यक्तियों को फर्जी पाए जाने पर पुलिस एक्ट के अंतर्गत चालान किया गया। एसएसपी ने बताया कि कोतवाली जसपुर में 27 व्यक्तियों की चेकिंग की गई। जबकि कोतवाली कुंडा में 4, कोतवाली काशीपुर में 6, कोतवाली आईटीआई में 12 व्यक्तियों की चेकिंग, 01 का पुलिस एक्ट



में चालान, कोतवाली बाजपुर में 13 व्यक्तियों की चेकिंग, 1 का चालान, कोतवाली केलाखेड़ा में 4 व्यक्तियों की चेकिंग, 2 के चालान, कोतवाली गदरपुर में 9 व्यक्तियों की चेकिंग, 3 के चालान, थाना दिनेशपुर में 3 व्यक्तियों की चेकिंग,कोतवाली पंतनगर 2 व्यक्तियों की चेकिंग, थाना ट्रांजिट कैंप में 6 व्यक्तियों की चेकिंग,कोतवाली रुद्रपुर में 25 व्यक्तियों की चेकिंग, 3 के चालान, कोतवाली किच्छा में 15 व्यक्तियों की चेकिंग, थाना पुलभट्टा में 12 व्यक्तियों की चेकिंग, कोतवाली सितारगंज में 1 व्यक्ति की चेकिंग, थाना नानकमत्ता में 2 व्यक्तियों की चेकिंग, कोतवाली खटीमा में 13 व्यक्तियों की चेकिंग, थाना झनकईया में 3 व्यक्तियों की चेकिंग ई गई। उन्होंने बताया ए जनपद में कुल 157 संदिग्धों की चेकिंग व 10 फर्जी व्यक्तियों के पुलिस एक्ट में चालान किए गए। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने एवं अपराधियों के विरुद्ध ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। पुलिस का उद्देश्य नागरिकों की सुरक्षा और अपराध मुक्त वातावरण उपलब्ध कराना है।

# एडीएम ने जमरानी बांध परियोजना का किया स्थलीय निरीक्षण

हल्द्वानी। अपर जिला अधिकारी राजस्व एवं वित्त शैलेंद्र सिंह नेगी ने रविवार को जमरानी बांध परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर वर्तमान में किए जा रहे टनल निर्माण कार्य का मौके पर जाकर निरीक्षण करते हुए परियोजना के अधिकारियों से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कार्यदाई संस्था के परियोजना प्रबंधक दीपक पुरोहित ने अवगत कराया की इस परियोजना अंतर्गत दो टनलों का निर्माण किया जाना है प्रथम टनल जिसकी लंबाई कुल 643 मीटर है उसमें से एक तरफ से 389 मीटर टनल का निर्माण कर दिया गया है तथा दूसरी तरफ से 25 मीटर कुल 414 मीटर टनल का निर्माण कर दिया गया है। इसी प्रकार द्वितीय टनल इसकी कुल लंबाई 600 मीटर है उसमें से 440 मी एक तरफ से बन गई है। उन्होंने अवगत कराया कि दोनों टनलों का पूर्ण निर्माण आगामी 31 जनवरी 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उसके उपरांत दोनों टनलों में जून माह तक कंक्रीट का काम भी पूर्ण कर लिया जाएगा। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए की टनल निर्माण में जो भी मैनपावर, मजदूर आदि लगाए गए हैं उनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए, सुरक्षा के सभी उपाय होने चाहिए। पूर्ण सावधानी से कार्य हों। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने कैलाश द्वार- अमृतपुर से बांध निर्माण स्थल तक सड़क निर्माण सुधारीकरण कार्य की भी जानकारी अधिकारियों से ली, परियोजना के अधिकारियों ने अवगत कराया कि वर्तमान में सड़क सुधारीकरण,दिवार निर्माण आदि का कार्य किया जा रहा है,डामरीकरण का कार्य की भी सुरुवात की जा रही है। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि डामरीकरण का कार्य प्रारंभ करते हुए कार्य शीघ्रता से पूर्ण हो इस हेतु रात्रि में भी कार्य किया जाय। निरीक्षण के दौरान परियोजना के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।






# आरएएन स्कूल में स्पोर्ट्स फिएस्टा की धूम

## फिट फैमिलीज, हैप्पी हार्ट्स थीम पर मनाया गया खेल पर्व

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल, बिलासपुर में सोमवार को स्पोर्ट्स फिएस्टा 2025 का रंगारंग और उत्साहपूर्ण आयोजन हुआ। "फिट फैमिलीज, हैप्पी हार्ट्स" थीम पर आधारित इस वार्षिक खेल समारोह में छात्रों, अभिभावकों और विद्यालय स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन विंग कमांडर एच. के. राय रहे। उनके साथ डायरेक्टर मोहित राय, प्रिंसिपल ममता बिष्ट, हेडमिस्ट्रेस मेघना गुप्ते और एडवाइजर रेखा कर्नाटक भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अध्यापिका मेघना गुप्ते द्वारा किया गया। उद्घाटन के बाद छात्रों ने प्रभावशाली मार्च-पास्ट, खेल ज्योति प्रज्ज्वलन तथा रंग-बिरंगे गुब्बारों के विमोचन के साथ मैदान का माहौल उत्साह से भर दिया। इसके उपरांत छात्रों ने ऐरोबिक्स, योग, मास ड्रिल और कराटे की शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन कार्यक्रमों ने विद्यालय की फिटनेस-उन्मुख गतिविधियों और अनुशासनात्मक प्रशिक्षण की स्पष्ट झलक पेश की। खेल प्रतियोगिताओं के फाइनल राउंड ने समारोह में रोमांच बढ़ा दिया। वहीं अभिभावकों के लिए आयोजित मनोरंजक रेसों ने वातावरण को खासा जीवंत बना दिया। रेसों में अमीर सिंह, निशान सिंह, राखी शर्मा और वंदना सिंह प्रथम, मनोज सिंह, जसदेव सिंह, कंचन मुंजल और अनुपमा द्वितीय, तथा पुनीत संधू, रिंकल, गिरीश चंद और गुरमीत सिंह तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिताओं के बाद विजेता छात्रों और अभिभावकों को मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विंग कमांडर एच. के. राय ने बच्चों को खेलों के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश दिया और उन्हें जीवन में अनुशासन, टीमवर्क और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। अंत में प्रिंसिपल ममता बिष्ट ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।





# चोरी की तीन बाईकों के साथ दो ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार

रुद्रपुर । ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस टीम चेकिंग करने के दौरान किशोर सहित दो ऑटो लिफ्टरों को चोरी की तीन मोटर साइकिलों के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 22 नवम्बर को ट्रांजिट कैम्प प्रभारी निरीक्षक मोहन चन्द्र पाण्डे के नेतृत्व मे थाना ट्राजिट कैम्प पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र मे वाहन चोरी करने पर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया और एक किशोर को संरक्षण मे लिया गया और दोनो से चोरी के 3 वाहन मोटर साईकल बरामद किये गये। अकित दास पुत्र अजय कृष्ण दास निवासी जे ब्लाक थाना ट्राजिट कैम्प ने तहरीर देकर 21नवम्बर को मुकदमा दर्ज कराया कि उसकी मोटर साईकल संख्या यूकेहै 06ए पी 1125 उसके घर जे ब्लाक थाना ट्राजिट कैम्प के बाहर से अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई है। वाहन चोरो की तलाश किये जाने हेतु थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया गया और सीसीटीवी कैमरो के अवलोकन करने के बाद मुखबीर की सूचना पर सिडकुल रोड मे फुलसुंगाजा तिराहे से दो युवक संदिग्ध रूप से घूमते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने उनको पकड़कर पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम पता आनन्द पुत्र रामकिशोर निवासी डिबडिबा, आश्रम के पास, थाना विलासपुर जिला रामपुर व दूसरे ने खुद को नाबालिग बताया। टीम ने उनके पास से अजय की चोरी की गई बाईक सहित तीन बरामद की। पुलिस ने किशोर को मोके पर संरक्षण मे लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त आनन्द पुत्र रामकिशोर से पूछताछ पर दो अन्य मोटर साईकल बरामद की गयी। जिसमे मोटर साईकल संख्या यूके 06 ए डब्ल्यू 1676 रविन्द्र कुमार पुत्र ब्रहम्पाल सिंह, ट्रांजिट कैम्प, तीन पानी डैम, फुलसुंगा बालाजी पुरम,रुद्रपुर की पाई गई। जबकि वाहन संख्या यूपी 26ए डी 9705 शैलेन्द्र चौहान पुत्र हरी सिंह चौहान,निवासी मिश्रा कालोनी भिन्डारा मझोला, पीलीभीत की है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक मनोज जलाल, उप निरीक्षक पंकज महर,अपर उप निरीक्षक हरदेश परिहार, हे. कानि. अनिल कुमार, का. नन्दन राम व ललित मोहन शामिल थे।



# सीसी रोड निर्माण कार्य का लिया जायजा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्य बाजार वार्ड 28 स्थित हरि मंदिर गली और पुरानी इलाहाबाद बैंक वाली गली के बीच निर्माणाधीन सीसी रोड का पार्षद चिराग कालड़ा ने नगर निगम के जेई जसवीर सिंह के साथ स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान पार्षद ने निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने मौके पर मौजूद ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या मानकों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।पार्षद कालड़ा ने कहा कि सड़क निर्माण आमजन की सुविधा से जुड़ा कार्य है, इसलिए इसमें उच्च गुणवत्ता और निर्धारित मानकों का पालन अनिवार्य है।



# अजेय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी फिल्म की हुई स्क्रीनिंग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर में अजेय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी फिल्म की स्क्रीनिंग हुई। यह फिल्म योगी आदित्यनाथ को केंद्र में रखकर बनाई गई है।इसके लेखक शांतनु गुप्ता पेशे से तो इंजीनियर हैं पर अब अधिकांशत: पत्रकारिता करते हैं। इन्होंने योगी पर 3 किताबें लिखी हैं। एक पर यह फिल्म बनी है अन्य दो पर शीघ्र ही फिल्मनिर्माण का काम होगा। इनकी अन्य विषयों पर कुल 12 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। पर्यावरण विद आशुतोष पंत ने बताया कि लेखक श्री शांतनु उनके छोटे भाई की तरह हैं। इनका बचपन आईडीपीएल ऋषिकेश में गुजरा। ये वहां उनके पड़ोस में रहते थे। इन्होंने उन्हें स्क्रीनिंग में आमंत्रित किया था। आज लम्बे समय बाद उनसे मिलना हुआ। बड़ा फख्र हुआ कि हमारा छोटा भाई इतना अच्छा लेखक बन गया है। श्री पंत ने कहा कि यदि अवसर मिले तो यह फिल्म अजेय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ योगी देखिएगा। तथ्यों पर आधारित एक अच्छी फिल्म है जिसमें पात्रों ने अच्छा अभिनय किया है, निर्देशन अच्छा है। युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक फिल्म है।



# वायरल वीडियो में पिस्टल दिखाता युवक गिरफ्तार

किच्छा (उद संवाददाता)। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने पिस्टल और कारतूस दिखाते युवक के वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिस पर अमल करते हुए पुलिस ने अवैध हथियार के साथ आरोपी युवक को पिस्टल कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। सोशल मीडिया पर अवैध हथियार के साथ वीडियो बनाकर वायरल करना युवक को भारी पड़ गया। कोतवाली किच्छा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर एक अवैध पिस्टल व 10 जिंदा कारतूस के साथ युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि 22 नवम्बर को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें एक युवक पिस्टल व जिंदा कारतूस दिखाते हुए लोगों को भयभीत करता हुआ नजर आया। जिसके बाद कोतवाली किच्छा पुलिस द्वारा तेजी से कार्रवाई करते हुए रविवार को वीडियो पोस्ट करने वाले अभियुक्त राजकुमार पुत्र हंसराज निवासी गीतांजलि विहार कॉलोनी थाना किच्छा को इंट्राक तिराहा लालपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध पिस्टल व 10 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।



# केन्द्र और राज्य सरकार खेलों के प्रति गंभीर: चुघ

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। काशीपुर रोड स्थित जैन ग्लोबल पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। रुद्रा लायन क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की क्रिकेट टीम में इस प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। चौथी शंकुल सक्सेना स्मृति में यह 20-20 ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। सेमीफाइनल मैच का शुभारंभ काशीपुर जिला के भाजपा सह प्रभारी और समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। सेमी फाइनल मैच बिजनौर क्रिकेट क्लब और किंग्स फोडर्स क्रिकेट अकैडमी काशीपुर के मध्य खेला गया। सेमी फाइनल के मुख्य अतिथि चुघ ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं से आपसी भाईचारा और सौहार्द बढ़ता है और खेल प्रतियोगिता से प्रतिभाएं निखरकर सामने आती हैं ।उन्होंने कहा कि आज ग्रामीण क्षेत्र से निकले हुए खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेलों में प्रतिभाग कर रहे हैं और क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्रिकेट देश का सर्वाधिक लोकप्रिय खेल है और बड़ी संख्या में युवा इस खेल की ओर आकर्षित हैं ।श्री चुघ ने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार खेलों के प्रति गंभीर है और युवाओं के लिए खेलों को लेकर अनेक योजना बना रही है ताकि यहां का प्रतिभाशाली युवा खेलों में प्रोत्साहित हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं खेल प्रेमी हैं और सदैव खेलों को बढ़ावा देते हैं उन्होंने राज्य के खिलाड़ियों के लिए कई नीतियां बनाई हैं जिसका खिलाड़ियों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल भी जीवन में बेहद आवश्यक है जो मानसिक और शारीरिक विकास के लिए सहायक हैं । उन्होंने सेमीफाइनल खेलने वाली दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी। बिजनौर टीम के कप्तान विशाल यादव और काशीपुर टीम के कप्तान जतिन विर्क,अंपायर सत्येंद्र मिश्रा और अमरनाथ यादव स्कोरर सत्यम सागर। पहले खेलते हुए काशीपुर की टीम ने 179 रन बनाए जिसका पीछा करते हुए 19 ओवर में बिजनौर की टीम ने 180 रन 6 विकेट के नुकसान पर बनाकर मैच जीत लिया मैन ऑफ द मैच अमन नवाज रहे। इस दौरान आयोजक नवीन टम्टा, नीरज कत्याल ,पंकज पांडे सुधांशु उपाध्यक्ष ,सुनील टम्टा, सर्वेश चुघ अमित गौड हिमांशु कन्नौजिया,गुफरान अहमद,अजय मिश्रा समेत तमाम खेल प्रेमी मौजूद थे।




# बंगाली परिवारों को पूर्व विधायक ने दिया समर्थन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। प्रहलाद पल्सिया में निर्माणाधीन एक्वा पार्क परियोजना को लेकर जारी जनआंदोलन ने रविवार को और जोर पकड़ा, जब सितारगंज विधानसभा के पूर्व विधायक किरण चंद्र मंडल ने मौके पर पहुंचकर धरनास्थल में बैठे प्रभावित बंगाली परिवारों को खुला समर्थन दिया। उन्होंने सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि निजी स्वार्थ के लिए वर्षों से बसे निर्दोष बंगाली परिवारों को उजाड़ने की साजिश रची जा रही है, जिसे किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा। मंडल ने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने अपने कार्यकाल में बंगाली समाज को भूमिध री अधिकार, अनुसूचित जाति का दर्जा, तथा बंगाली बाहुल्य क्षेत्रों के विद्यालयों में बांग्ला भाषा लागू करने जैसे वादे किए थे, लेकिन अब वही वादे से मुकरकर समाज का शोषण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक्वा पार्क के नाम पर प्रशासन द्वारा जबरन घर खाली कराने की कार्रवाई मानवता के खिलाफ है। यदि सरकार घर उजाड़ने पर अड़ी है, तो उससे पहले प्रत्येक पीड़ित परिवार को दो एकड़ जमीन और आवास उपलब्ध कराना अनिवार्य किया जाए, उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा। धरने के 12वें दिन भी भारी संख्या में ग्रामीण जुटे रहे। मंडल ने कहा कि प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए वह लंबी कानूनी और जनांदोलन की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। धरना स्थल पर शक्तिगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल, पूर्व पालिकाध्यक्ष हरीश दुबे, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव नवतेज पाल सिंह, उत्तम आचार्य, विनय विश्वास, अमित सरकार सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और समाजसेवी मौजूद रहे।



# महाविद्यालय में युवा संसद प्रतियोगिता आयोजित

किच्छा(उद संवाददाता)। महाविद्यालय किच्छा में युवा संसद प्रतियोगिता -2025 का आयोजन किया गया। संसदीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार यह प्रतियोगिता 'तरुण सभा' के तहत राज्य के सभी महाविद्यालयों में आयोजित की जा रही है। कार्यकम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ0 राजीव रतन द्वारा किया गया । अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि युवा संसद प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राएं ससदीय प्रकिया के प्रति जागरूक हो सकेंगे, इस कार्यकम से युवाओं को संसद की कार्यवाही व अन्य गतिविधियों संबंधी अन्य जानकारी मिल पाएगी। कार्यकम की रूपरेखा रखते हुए युवा संसद कार्यकम के नोडल अधिकारी डॉ0 उमराव सिंह ने बताया इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं को संसदीय विधाएं, कानून निर्माण की प्रक्रिया व अन्य गतिविधि यों से अवगत कराना है. जिससे युवा संसदीय लोकतंत्र को जानें व समझे साथ ही अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस प्रतियोगिता में लोकसभा




स्पीकर के तौर पर बी0ए0 तृतीय सेम0 की छात्रा रुचि जोशी, प्रधानमंत्री बी0ए0 प्रथम सेम0 की छात्रा रजिन फातमा, विदेश मंत्री बी ए पंचम सेमेस्टर आमिर, रक्षा मंत्री बी ए तृतीय सेमेस्टर अम्मान रजा नेता प्रतिपक्ष बी0ए0 प्रथम सेम0 की छात्रा लवप्रीत कौर की भूमिका निभाई। कैबिनेट के गठन के साथ-साथ सत्ता पक्ष व विपक्ष के सदस्य व महासचिव तथा अन्य पदों के लिए भी छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में रूचि ने प्रथम, आमिर ने द्वितीय व लवप्रीत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । कार्यक्रम में कुल 50 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में डॉ0 प्रकाश चन्द भट्ट, डॉ नरेश कुमार, डॉ विजयानंद , डॉ मनीषा पांडे, प्रकाश चंद्र, कु0 लवली, आनंद एवं उपस्थित थे।

# तेजी से हो रहा है काठगोदाम रोडवेज बस टर्मिनल का निर्माण

हल्द्वानी। उत्तराखण्ड में विकास की रफ्तार अब सड़कों पर भी दिखाई दे रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार हर क्षेत्र में आधुनिक सुविध ाओं का विस्तार कर रही है। इसी क्रम में काठगोदाम रोडवेज बस टर्मिनल और वर्कशॉप का निर्माण 67 करोड़ की लागत से तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री धामी का लक्ष्य है कि प्रदेश की जनता को बेहतर यात्री सुविधाएं, सुव्यवस्थित परिवहन व्यवस्था



और आधुनिक बस टर्मिनल जैसी सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध हों। काठगोदाम में नया रोडवेज टर्मिनल बनने से पहाड़ और मैदान के यात्रियों को अधिक सुविधा मिलेगी, जाम की समस्या कम होगी और परिवहन व्यवस्था और सुगम बनेगी। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर यह परियोजना उत्तराखण्ड की प्रगति का प्रतीक बनकर उभर रही है। धामी सरकार के नेतृत्व में "नया उत्तराखण्ड" विकास की नई राह पर अग्रसर है।

# ठुकराल ने किया राशन की दुकानों का निरीक्षण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने ट्रांजिट कैम्प में जनता के बुलावे पर आज नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मूर्ति के सामने स्थित पुराने राशन की दुकान व वार्ड नं. दो में पिछले दिनों खुली नई राशन की दुकान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ठुकराल ने राशन की दुकान पर आये लाभार्थियों से जानकारी ली जिस पर वितरण संतोषजनक पाया गया। जिसके बाद ठुकराल ने जिला पूर्ति अधिकारी का आभार जताया। इस दौरान ठुकराल ने कहा कि राशन वितरण में जनता के हितों की



अनदेखी नहीं होने दी जायेगी। ठुकराल ने बताया कि खाद्यमंत्री रेखा आर्य से हुई वार्ता के बाद शासन स्तर से ट्रांजिट कैप में राशन की दुकानों की संख्या और बढ़ाये जाने हेतु पत्रावली विचाराधीन है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में जल्द ही राशन की दुकानों की संख्या बढ़ाई जायेगी। इस दौरान ट्रांजिट कैम्प व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजीव गुप्ता, महामंत्री विकास बंसल, मनोज गुप्ता, ललित बिष्ट, ब्रजेन मण्डल, सुरेन्द्र गुप्ता, आनन्द शर्मा, मनोज दास, सरस्वती मण्डल, मायावती, रामवती, पुष्कर देवी, वर्षा, सुमन, प्रियंका, सीमा आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।

# भागवत कथा में मीना शर्मा को किया सम्मानित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की बरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने मुखर्जीनगर में पिछले एक सप्ताह से चल रही श्रीमद भागवत् कथा के समापन अवसर पर कथा श्रवन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इससे



पूर्व श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने,कथा व्यास श्रीमद राधा कृष्ण दास बाबा जी महाराज,का पगड़ी पहनाकर, शॉल डालकर और फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। बाद में आयोजकों द्वारा भी श्रीमती शर्मा और अनिल शर्मा का शॉल डालकर भव्य स्वागत किया गया, जिसके लिए श्रीमती शर्मा ने आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

# शिविर में निःशुल्क हुआ मरीजों का चेकअप

गूलरभोज(उद संवाददाता)। शिव मंदिर रेलवे फाटक के पाल्स अस्पताल नेता नगर दिनेशपुर के द्वारा शिविर लगाया गया जिसमें 60 रजिस्ट्रेशन हुए जिसमें मुख्य सुविधा ओपीडी , हार्ट की जांच के लिए ईसीजी, खून जांच की सीबीसी, शुगर टेस्ट, एक्स-रे सभी की फ्री जांच की गई जिसमें डॉक्टर शिव शंकर धानुकी, के द्वारा मरीजों को देखा गया इस अवसर पर डॉक्टर शिव शंकर धानुकी, डॉ भारती मिश्रा, रुचिका धानुकी, डॉ निशा सरकार, अरुण मंडल, ऋतिक साना, लतिशा, रेखा, व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी किशोर सावंत इंदर सिंह राठौर सुमित बैरागी लक्ष्मण गिरि गोपाल मेहता अमित कुमार गुप्ता गुलाब , डॉ सचिन आदि उपस्थित थे।



## पेज एक का शेष...

**नहीं रहे हिंदी सिनेमा...**गया। अभिनेता धर्मेंद्र के घर के बाहर आज एक एंबुलेंस देखी गई। एंबुलेंस के घर में प्रवेश करने के बाद इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई और घर से करीब 50 मीटर की दूरी तक बैरिकेडिंग कर दी गई। घटना के बाद आसपास के इलाके में हलचल बढ़ गई । धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म 'इक्कीस' का फर्स्ट लुक पोस्टर भी आज सामने आया। इस फिल्म में वह लीड अभिनेता अगस्त्य नंदा के पिता की भूमिका में नजर आने वाले हैं। यह उनकी करियर की अंतिम फिल्म होगी, जो 25 दिसंबर 2025 को रिलीज होगी। धर्मेंद्र ने बॉलीवुड में 1960 में फिल्म 'दिल भी तेरा, हम भी तेरे' से कदम रखा और इसके बाद कई हिट फिल्मों में अभिनय किया। उनकी चर्चित फिल्मों में 'आई मिलन की बेला', 'पूजा के फूल', 'हकीकत', 'बाजी', 'सत्याकाम', 'आया सावन झूम के', 'राजा जानी', 'लॉफर', 'चुपके-चुपके', 'चरस', 'ड्रीम गर्ल', 'धर्म वीर', 'गजब', 'मेरा गांव मेरा देश', और 'अपने' शामिल हैं।

**बस खाई में गिरने से ..**मिली है, उसके अनुसार बस में करीब 30 लोग सवार थे। बस हिंडोलाखाल के पास करीब 70 मीटर गहरी खाई में गिरी है. सेनानायक एसडीआरएफ अर्पण यदुवंशी के निर्देशानुसार पोस्ट ढालवाला, पोस्ट कोटि कॉलोनी व एसडीआरएफ वाहिनी मुख्यालय से एसडीआरएफ की कुल पांच टीमें तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना की गयी। एएसपी जेआर जोशी टिहरी गढ़वाल ने हादसे में पांच लोगों के मरने की पुष्टि की है। टिहरी जिले के नरेंद्रनगर कुंजापुरी मंदिर के समीप एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस में करीब 28-30 यात्री सवार बताए रहे हैं, जो गुजरात से कुंजापुरी मंदिर दर्शन के लिए आए हुए थेहादसे की खबर मिलते ही जिलाधिकारी और पुलिस टीम घटनास्थल की ओर रवाना हो गई। पुलिस-प्रशासन ने कहा कि घायलों का उपचार प्राथमिकता से किया जा रहा है और मामले की जांच की जा रही है।

**गहरी खाई में गिरा...** निकाला और निजी वाहनों की मदद से उप-जिला अस्पताल मसूरी पहुंचाया। मसूरी पुलिस के अनुसार घायल युवक की पहचान राजवीर सिंह (20 वर्ष), पुत्र नारायण सिंह पंवार, निवासी ग्राम बिच्छू, थाना थत्यूड़ के रूप में हुई है। युवक ने बताया कि मोड़ पर कार अचानक फिसल गई और नियंत्रण हाथ से निकल गया। डॉक्टरों के मुताबिक राजवीर के जीभ पर हल्की कट, कमर में चोट और शरीर पर घिसटने के निशान हैं। उसकी हालत अब स्थिर है और वह खतरे से बाहर है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है। घटनास्थल पर पहुँचकर चीता मोबाइल यूनिट और मसूरी कोतवाली पुलिस ने निरीक्षण किया। प्राथमिक जांच में वाहन के फिसलने को दुर्घटना का कारण माना जा रहा है। पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

**रेलवे की विद्युत ...**रही। घटना की सूचना के बाद रेलवे विभाग के तमाम अधि कारी एवं रेलवे की टेक्निकल टीम मौके पर पहुंच गई। जानकारी के अनुसार नगर के हल्द्वानी मार्ग पर गेट नंबर 42 के निकट रेलवे पटरी किनारे लगे पेड़ से लकड़ी काट रहे युवक द्वारा काटी गई भारी भरकम टहनी अचानक निकट से गुजर रही ट्रेन की विद्युत लाइन पर गिर गई। भारी भरकम टहनी गिरने के बाद विद्युत लाइन में जोरदार धमाका हो गया। आवाज इतनी जोरदार थी कि पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और आसपास के तमाम लोग घरों से बाहर निकल आए। विद्युत लाइन में फाल्ट होने की सूचना गेट कर्मचारी द्वारा तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। घटना की सूचना पर रेलवे विभाग के तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए और मौका मुआयना करने के बाद लाइन को दुरुस्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची ट्रेन को लाइन में फाल्ट होने के चलते मौके पर रोकना पड़ा। काफी देर तक यात्रियों से भारी ट्रेन मौके पर खड़ी रही। घटना के बाद लकड़ी काट रहा युवक मौके से फरार हो गया।

**केंडिट कार्ड हैक...**द्वारा क्रेडिट कार्ड जारी किया गया था, जिसका वह नियमित रूप से उपयोग करता आ रहा था। नरदेव सिंह ने बताया कि 17 नवंबर 2025 की सुबह करीब 7:48 बजे उनके मोबाइल नंबर पर एक मैसेज आया, जिसमें उनके एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड से 70,298 की खरीदारी होने की जानकारी दी गई। पीड़ित के अनुसार, उन्होंने कोई भी निजी जानकारी किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ साझा नहीं की है और न ही उक्त लेनदेन के बारे में उन्हें कोई जानकारी थी। पीड़ित को ज्ञात हुआ कि उनकी अनुमति के बिना उनके फ्लिपकार्ट अकाउंट का उपयोग करते हुए एप्पल कंपनी का आईफोन 16 खरीदा गया है। नरदेव ने बताया कि घटना के तुरंत बाद उन्होंने राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित का आरोप है कि अज्ञात साइबर अपराधियों ने कंप्यूटर संसाधनों का दुरुपयोग कर उनके मोबाइल फोन तक अनधिकृत पहुंच प्राप्त की, उनके फ्लिपकार्ट अकाउंट में लॉगइन किया तथा एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड का पासवर्ड हैक कर ऑनलाइन खरीदारी कर ली। साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन ने तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धोखाधड़ी तथा आईटी एक्ट की संबंधि त धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मोबाइल, फ्लिपकार्ट लॉगिन, ट्रांजैक्शन विवरण, डिलीवरी एड्रेस और पेमेंट गेटवे की तकनीकी जांच की जा रही है।

**फेसबुक पर महिला से ..** पर फर्जी डिमैट अकाउंट में डॉलर बैलेंस दिखाया जाता था, जिससे उसको भरोसा हो गया। 8 नवंबर 2025 को जब प्रदीप ने कुछ ध नराशि वापस मांगी तो कथित कस्टमर केयर ने जवाब दिया कि उनका डिमैट अकाउंट डीऐक्टिवेट हो गया है और उसे पुनः सक्रिय करने के लिए 1,00,000 रुपये और देने होंगे। बार-बार आग्रह के बाद भी न तो खाता सक्रिय किया गया और न ही किसी प्रकार की सहायता दी गई। इसके बाद प्रदीप को साइबर ठगी का एहसास हुआ। तहरीर में पीड़ित ने आरोप लगाया है कि सानवी पटेल नाम की अज्ञात महिला ने रियल एस्टेट एजेंट और कंपनी की सीईओ बताकर उन्हें धोखे में डाला और ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 2.31 लाख रुपये की ठगी की। साइबर क्राइम पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब महिला की पहचान, संदिग्ध बैंक खातों और उपयोग किए गए मोबाइल व व्हाट्सएप नंबर की तकनीकी जांच में जुट गई है।

**ऑनलाईन जाब के नाम पर..**दी है।पीड़ित ने आरोप लगाया है कि अंतरराष्ट्रीय संस्था का झांसा देकर संदिग्ध खातों में भारी रकम ट्रांसफर कराई गई। उन्होंने पुलिस से ठगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और उनकी रकम वापस दिलाने की मांग की है।

**मुर्गा मार्केट में ...** के अन्य इलाकों में अवैध रूप से मुर्गे की दुकानों के संचालन की शिकायत भी की। इस पर एसडीएम ने कहा कि ऐसे सभी अवैध प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर उन्हें सील किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**सुनवाई न होने पर ...**अभिलेख प्रस्तुत कर बैक से ऋण प्राप्त कर लिया। जिसके बाद पुनः 2.27 लाख का ऋण ले लिया। आशीष द्वारा इसकी शिकायत लिखित रूप में बैंक से दो बार की जा चुकी है लेकिन बैंक प्रबंधक कोई सुनवाई नहीं कर रहा हैं। संजय जुनेजा ने बताया कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा। समाचार लिखे जाने तक व्यापारियों का बैंक परिसर में प्रबंधक से वार्ता और धरना जारी था। इस दौरान हरीश अरोरा, राजेश कामरा, पवन गाबा, रजत सेठी, शिवेन सेठी, आशीष बांगा, मनीष बांगा, गुलशन बठला, राजकुमार अरोरा, राकेश ढ़ल्ला, बलदेव अनेजा, प्रेम कुमार, हरीश गाबा, सुन्दर खुराना, योगश खुराना, शुभम खुराना, राजन ठुकराल सहित कई व्यापारी मौजूद थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'इंदौर' से नहीं, 'बैंगलुरु' से प्रेरणा ले 'रुद्रपुर नगर निगम'

## कार्यवाही के अभाव में मनमानी पर उतारू कचरा फेंकने वाले मुख्य बाजार के प्रबुद्ध व्यापारी भी फेंक रहे हैं सड़कों पर कचरा

-अर्श-

रुद्रपुर, भारत के तकरीबन हर छोटे-बड़े शहर के नगर निकाय, देश के सबसे स्वच्छ शहरों की सूची में दशकों से पहले स्थान पर काबिज इंदौर शहर, के नगर निगम की कार्यशैली को अपना रोल मॉडल मानते हुए नगर निगम इंदौर की कार्य पद्धति का अनुकरण करने की कोशिश करते हैं। रुद्रपुर नगर निगम के मेयर विकास शर्मा भी कुछ अरसा पहले नगर निगम इंदौर की कार्यप्रणाली को करीब से देखने और समझने के लिए इंदौर गए थे और वहां से लौटने के बाद रुद्रपुर शहर को भी इंदौर जैसा स्वच्छ बनाने की कोशिश करने की बात कही थी। यह अच्छी बात है कि नगर निगम रूद्रपुर इंदौर शहर से प्रेरणा लेकर रुद्रपुर शहर को भी इंदौर सरीखे निर्मल एवं स्वच्छ बनाने का जज्बा रखता है, मगर रुद्रपुर शहर में जहां-तहां कचरा फेंकने वालों, खासकर मुख्य बाजार के प्रबुद्ध व्यवसाईयों द्वारा अपनी दुकान के सामने फुटपाथ एवं सड़क पर कचरा फेंकने की आदत के मद्देनजर ऐसा लगता है कि रुद्रपुर नगर निगम को नगर निगम इंदौर से नहीं, बल्कि नगर निगम बेंगलुरु से प्रेरणा लेने की जरूरत है। यहां पर हम उत्तरांचल दर्पण के पाठकों को बताना चाहेंगे कि बेंगलुरु नगर निगम ने पिछले दिनों एक बड़ी ही असरकारक कार्यवाही आरंभ की है। जिससे सड़क पर जहां-तहां कचरा फेंकने वालों की आदत में काफी सुधार है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम बेंगलुरु द्वारा सीसीटीवी कैमरा एवं आमजन के



सहयोग से सड़क पर जहां-तहां कचरा फेंकने वालों की पहचान की जाती है और उनके घर के सामने कचरे का ढेर लगा दिया जाता है। साथ ही दो हजार रुपये का जुर्माना भी ठोक दिया जाता है। मजे की बात तो यह है कि बेंगलुरु नगर निगम द्वारा लोगों के घर के सामने फेंका गया कचरा तब तक नहीं उठाया जाता, जब तक कि लोग जुर्माना भरकर दोबारा सड़क पर कचरा ना फेंकने का आश्वासन नहीं दे देते। कहने की जरूरत नहीं कि बेंगलुरु नगर निगम की इस कार्यवाही से सड़क पर जहां-तहां कचरा फेंकने वाले लोगों की आदतें बदलती जा रही हैं और बेंगलुरु नगर निगम अपने स्वच्छता के लक्ष्य को पाने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। लिहाजा, अगर नगर निगम रुद्रपुर को इंदौर, पुणे अथवा बेंगलुरु नगर निगम के आसपास भी पहुंचना है ,तो नगर निगम को अब उंगली टेढ़ी करनी ही होगी, क्योंकि केवल समझाइश से रुद्रपुर शहर की जहां तहां कचरा फेंकने की आदत बदलती फिलहाल तो नहीं दिखती। वह इसलिए क्योंकि शहर के मुख्य बाजार, जहां पूरे शहर के लोग आते हैं और जहां से स्वच्छता का संदेश नगर के घर-घर तक पहुंचाया जा सकता है, के प्रबुद्ध व्यापारी गण ही रुद्रपुर को स्वच्छ शहर बनाने की दिशा में अपना योगदान देने को तैयार नहीं दिखलाई पड़ते। देखने में आया है कि शहर के मुख्य बाजार के कुछ दुकानदारों द्वारा नगर निगम की कूड़ा इकट्ठा करने वाली गाड़ी में कचरा ना डालकर दुकान बंद करते समय सारा कचरा दुकान के सामने ही फुटपाथ पर अथवा सड़क के किनारे फेंक दिया जाता है। देखने में तो यह भी आया है कि मुख्य बाजार में कई दुकानें ऐसी हैं ,जिनके पास अपना डस्टबिन तक नहीं है। ऐसे में इस बात का अंदाजा लगाना तनिक भी मुश्किल नहीं की ऐसे दुकानदार अपनी दुकान से निकलने वाले कचरे का कैसा ट्रीटमेंट करते होंगे ? बाजार बंद होने के बाद बाजार की सड़कों का नजारा कुछ इस प्रकार राहत है कि रुद्रपुर शहर को स्वच्छ नगर बनाने का कोई ख्वाहिशमंद, अगर मुख्य बाजार की कुछ गलियों से निकल जाए तो वह मुख्य बाजार में जहां-तहां फेके गए कचरे को देखकर निश्चित ही अपना सर पीटने को विवश हो जाएगा। हालांकि, ऐसा बताया जा रहा है कि प्रबुद्ध व्यवसाईयों द्वारा फैलाई गई उपरोक्त गंदगी को नगर निगम की टीम सुबह तक ठिकाने लगा देती है ,लेकिन अगर उक्त प्रबुद्ध लोग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए नगर निगम को सहयोग करें ,तो नगर निगम की टीम का जो समय और श्रम मुख्य बाजार में लगता है, उसका शहर के किसी दूसरे इलाके में इस्तेमाल हो सकता है। अब यह नगर निगम प्रशासन के ऊपर निर्भर है कि वह इसी पुरानी लीक पर चलना चाहता है या कुछ अलग हटकर करना चाहता है। वैसे नगर निगम के अधिकारियों को समय निकालकर कभी अंबेडकर पार्क के सामने स्थापित हो गई फूल मार्केट का भी भ्रमण करना चाहिए। यहां के दुकानदार रात में घर जाने से पहले पूरी सड़क की दुर्दशा करके चले जाते हैं। याद दिलाना होगा कि इस स्थान से ठेली एवं फड़ व्यवसाययों को इसीलिए भी वेंडिंग जोन में विस्थापित किया गया था, क्योंकि उनके रहते यहां पर्याप्त सफाई नहीं रह पाती थी। इसे विडंबना ही कहा जाएगा की देखते ही देखते इस मार्ग पर एक तरफ कपड़ा मार्केट स्थापित होती जा रही है और दूसरी तरफ फूल मार्केट। और दोनों ही मार्केट नगर निगम के सफाई अभियान को जमकर पलीता लगा रही हैं। माना कि वोट बैंक की सियासत की चलते नगर निगम के अधिकारी इस दिशा में कोई सख्त कदम नहीं उठा सकते, पर इतना तो किया ही जा सकता है कि मुख्य बाजार के सभी व्यापारियों को अपने-अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान में डस्टबिन रखना और डस्टबिन का कचरा निगम की कचरा गाड़ी में ही डालने के लिए बाध्य किया जाए।






# विधायक ने स्थापित करायी शहीद भगत सिंह की कास्य प्रतिमा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने अपना वादा पूरा करते हुए रविवार को भगत सिंह चौक पर शहीद भगत सिंह की आदम कद की कास्य प्रतिमा स्थापित स्थापित करा दी गई। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि भगत सिंह चौक मुख्य बाजार का दिल कहा जाता है जो अनेको प्रदर्शन कार्यक्रम का दशकों से साक्षी रहा है। उस भगत सिंह चौक जो काफी जर्जर हाल में था उसका सौंदर्यकरण उनके द्वारा विधायक निधि से करवाया गया। साथ ही पर्यटन विभाग के माध्यम से एक बहुत सुन्दर आदम कद की कास्य प्रतिमा शहीद भगत सिंह की लगवाने की घोषणा उनके द्वारा की गई थी। जो भगत सिंह चौक पर 7 कुंटल वजनी 20 लाख की लागत से कास्य प्रतिमा व प्रतिमा स्थल सौंदर्यकरण का कार्य इसमें किया जाना है। साथ ही विधायक ने कहा यह ऊधम सिंह नगर जिले में पहली कास्य प्रतिमा होंगी जो इतनी खूबसूरत ओर भव्य है शायद आस पास से ऐसी पहली प्रतिमा भगत सिंह चौक पर स्थापित की गई है जो रुद्रपुर क्षेत्र के



लिये गौरव की बात है। मुख्य बाजार में भगत सिंह चौक जो एक नये स्वरूप में नजर आयेगा, अब शहीद भगत सिंह की प्रतिमा यूलगने से ओर भव्य दिव्य नजर आयेगा। प्रतिमा स्थापित कर दी गई है। जल्द भव्य व बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा। इससे पूर्व विधायक शिव अरोरा के भगत सिंह चौक पहुँचने पर विभिन्न समाजिक सगठनो गुरुद्वारा कमेटी, व्यापारी सहित अनेको लोगो ने आभार व्यक्त किया और विधायक अरोरा के कार्य की सराहना की। विधायक शिव अरोरा ने कहा निश्चित रूप से इस कार्य में समय लगा लेकिन अंत में भगत सिंह चौक शहीद भगत सिंह की प्रतिमा लगाने व शेष कार्य पूर्ण होते ही बहुत सुन्दर ओर भव्य नजर आने वाला है। बाजार आने वाले लोगो के लिये यह आकर्षण का केंद्र होगा। जबकि पूर्व में भगत सिंह चौक की हालत जर्जर थी और वहां गंदगी नजर आती थी। मगर वर्तमान में भगत सिंह चौक की तस्वीर बदल चुकी है। विधायक शिव अरोरा ने कहा विधायक बनने के बाद से उनकी इच्छा थी भगत सिंह चौक की तस्वीर बदलनी चाहिए ओर जनता के आशीर्वाद से यह कार्य कर दिखाया है। इस दौरान नरेश ग्रोवर ,सुरमुख सिंह, मनमोहन सिंह, हरजीत सिंह, अरुण चुघ, हरबंस चुघ, केवल बत्रा, अशोक गुम्बर, मोहित बत्रा, मनीष गोस्वामी, रजनीश ग्रोवर, मनोज मदान, अमित नारंग, मोहित चड्डा, पवन गाबा, मयंक कक्कड़, मुकेश पाल, वासु गुम्बर, आदि लोग मौजूद रहे।


